**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1027**
**08 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)**

**1027. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रयोग को शामिल करने के लिए कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) गत तीन वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के प्रयोग के लिए कुल कितने बजट का आवंटन और व्यय किया गया;
(घ) क्या सरकार का स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस को प्रोत्साहन देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करने का प्रस्ताव है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) से (ङ): भारत सरकार ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की शुरूआत की है जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य ईको-प्रणाली के भीतर स्वास्थ्य डाटा की इंटरऑपरेबिलिटी सक्षम करने के लिए एक मंच का गठन करना है। इस मिशन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक का इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) तैयार करना है। इसके अलावा, इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं के कार्य-निष्पादन मे सुधार करने के लिए मौजूदा स्वास्थ्य सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एप्लीकेशनों के साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), ब्लॉकचेन आदि को एकसाथ लाना है।

नीति आयोग ने भारत के लिए एआई के संबंध में दो एप्रोच दस्तावेज, फरवरी 2021 में "रिसपोंसिबल एआई" एप्रोच दस्तावेज और अगस्त 2021 में "ओपरेशनलाईजिंग प्रिंसिपल्स फोर रिस्पोंसिबल एआई" प्रकाशित किए हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में, एम्स, दिल्ली, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ और एम्स, ऋषिकेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उत्कृष्टता केंद्रों के तौर पर नामित किया है, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई आधारित समाधानों के सृजन और इनके उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

*****